नजारत अनुभाग , जनपद न्यायालय , ललितपुर ।

कुटेशन आमंत्रण सूचना

पत्रांक 08 / ललितपुर नजारत दिनांक : 11 फरवरी 2018

एतद द्वारा समस्त जी0एस0टी0 / अन्य देय कर धारक डीलर्स /प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय , ललितपुर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की रिफलिंग कराया जाना प्रस्तावित है । इस हेतु कुटेशन दिनांक 20.02.2020 तक कार्यालय दिवस में शायं 03 बजे तक केन्द्रीय नाजिर को प्राप्त कराये जा सकते है । प्राप्त कुटेशनों में ,जो सबसे कम दर का होगा ,उससे माननीय जिला जज महोदय द्वारा अनुमोदित होने के उपरान्त रिफिलिंग का कार्य कराया जायेगा ,रिफिल किये जाने वाले अग्निशमन यंत्रों का विवरण निम्नवत है :–

कमांक	टाइप	क्षमता	नग
1	ड्राई केमिकल पावडर	10 किलोग्राम	37
2	ड्राई केमिकल पावडर	5 किलोग्राम	09
3	सी0ओ0टू0 सिलेण्डर	250 किलोग्राम वाले	04
4	सी0ओ0टू0 सिलेण्डर	5 किलोग्राम वाले	02

जिसकी शर्ते निम्नवत होगी :–

1. सी0ओ0टू0 सिलेण्डरों में जो गैस भरी हुयी है , उन सिलेण्डरों में गैस की क्षमता के अनुसार गैस को पूर्ण करना होगा । ड्राई पावडर सिलेण्डरो में ए बी सी टाइप के सिलेण्डर सम्मलित है ।
2. रिफलिंग करने वाले सम्बन्धित फर्म को जी0एस0टी0 अथवा अन्य राज्य कर की अदायगी स्वयं करनी होगी ।
3. कार्य पूर्ति आदेश जारी होने के अन्दर 15 दिवस रिफलिंग का कार्य पूरा करना होगा ।
4. अग्निशमन यंत्रों की रिफलिंग का कार्य अग्निशमन अधिकारी , ललितपुर की देखरेख में करना होगा तथा अग्निशमन अधिकारी के द्वारा गुणवत्ता पूर्वक रिफिल किये जाने के सम्बन्ध में आख्या प्राप्त होने पर उक्त रिफलिंग कार्य का भुगतान जरिये ई पेमेंट किया जायेगा । ।
5. अग्निशमन अधिकारी द्वारा परीक्षण से सम्बन्धित ,यदि कोई शुल्क देय होगा , उसे सम्बन्धित फर्म को स्वयं भुगतान करना होगा , इसके लिये कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा ।
6. सशर्त कुटेशन स्वीकार नहीं होगा ।

(निर्भय प्रकाश)
प्रभारी अधिकारी , नजारत/
अपर जिला जज , त्वरित न्यायालय
ललितपुर ।

प्रतिलिपि –निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. नाजिर सदर , कार्यालय जिलाधिकारी , ललितपुर को नोटिस बोर्ड पर चश्पा कराने हेतु
2. सहायक नाजिर , जनपद न्यायालय , ललितपुर को नोटिस बोर्ड पर चश्पा कराने हेतु।
3. सिस्टम आफीसर , कम्प्यूटर अनुभाग ,जनपद न्यायालय ललितपुर को जनपद न्यायालय ललितपुर एवं माननीय उच्च न्यायालय , इलाहाबाद की वेबसाइट पर डालने हेतु ।

प्रभारी अधिकारी , नजारत
जनपद न्यायालय ,ललितपुर ।